वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 | अंक : 155 | सोमवार 2 अक्टूबर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# जयपुर के 265 परीक्षा केंद्रों पर हुआ RAS प्री एग्जाम

### 5 मिनट लेट होने पर दिव्यांग स्टूडेंट को भी नहीं मिली एंट्री, पेट्रोल के लिए भटकते रहे लोग

**जयपुर. कासं**

जयपुर में आज 265 परीक्षा केंद्रों पर आरएएस प्री 2023 की परीक्षा हुई। इसके लिए 95 हजार से अधिक परीक्षार्थी जयपुर पहुंचे। इस दौरान 5 मिनट लेट होने पर भी स्टूडेंट्स को एंट्री नहीं दी गई। एक दिव्यांग को भी सेंटर में एंट्री नहीं दी गई। कुछ लोग पेट्रोल पंप की हड़ताल के चलते परेशान होते रहे। कमला देवी बुधिया राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल हीरापुरा में लेट पहुंचने के कारण दिव्यांग स्टूडेंट को भी सेंटर में एंट्री नहीं दी गई। एग्जाम से करीब 1 घंटे पहले 10 बजे एंट्री बंद होने के कारण कई स्टूडेंट एग्जाम नहीं दे पाए। स्टूडेंट का कहना है कि ट्रैफिक ज्यादा होने के कारण हम 5 मिनट लेट हो गए।

### एग्जाम के बाद भी सेंटर के अंदर बैठे रहे

एग्जाम खत्म होने के बाद भी कुछ सेंटर पर छात्रों को सेंटर से बाहर नहीं निकलने दिया गया। सेंटर के गेट नहीं खोलने के कारण कैंडिडेट्स 10 मिनट तक अंदर ही इंतजार करते रहे। प्रदेश में पेट्रोल पंप संचालकों की हड़ताल रही। राजधानी में भी पेट्रोल पंप बंद पड़े रहे। इसका सीधा असर दूर-दराज से शहर आए परीक्षार्थियों को उठाना पड़ा। हड़ताल के कारण एग्जाम देने वाले स्टूडेंट भी चक्कर काटते रहे। एक टैक्सी ड्राइवर रमेश आरएएस एग्जाम देने वाले दो स्टूडेंट को अपनी कार में लेकर पेट्रोल पंपों के चक्कर लगाता रहा। परीक्षा से पहले कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया- परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए जयपुर कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बनाया गया। वहीं, व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस, निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी।




## योगाचार्य ढाकाराम ने करवाया आनंदम योग

### गोविंद देव जी मंदिर में अब नियमित योग प्रशिक्षण

**जयपुर. कासं।** जयपुर के आराध्य मंदिर श्री गोविंद देव जी मंदिर में अब नियमित सुबह 6 से 7 बजे तक योग अभ्यास प्रशिक्षण दिया जाएगा। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में भक्तों के बेहतरीन स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए योग गुरु ढाकाराम की शिष्या किरण घीया योग अभ्यास का प्रशिक्षण देंगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ किया गया है। मंदिर प्रांगण में इसकी शुरूआत योगपीस संस्थान की ओर से आनंदम योग शिविर में योगाचार्य योग गुरु ढाकाराम, आनंदम योग शिविर प्रकल्प के राष्ट्रीय प्रमुख मोटिवेशनल स्पीकर योगी मनीष भाई विजयवर्गीय, योग प्रशिक्षक योगिनी किरण घीया, शिविर संयोजक सीए दिनेश विजयवर्गीय और समाज सेवी राकेश गर्ग ने दीप प्रज्वलन कर की। योगपीस संस्थान के योग निदेशक योगी मनीष भाई विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर में योगाचार्य ढाकाराम ने स्वस्थ शरीर के लिए योगाभ्यास, शांत मन के लिए प्राणायाम और आध्यात्मिक उन्नति के लिए ध्यान करवाया। साथ ही भक्तों को सदा मुस्कुराने की चाबी देते हुए कहा कि आप सभी यूनिक है। इस स्वमान में रह सदैव मुस्कुराते रहें।

# ब्रेस्ट कैंसर के लिए कदम से कदम मिला किया जागरुक

### ब्रेस्ट कैंसर की जागरूकता के लिए दौड़े लोग, एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल से शुरू हुई दौड़

**जयपुर. कासं**

बच्चे हो या बूढ़े, हर उम्र के लोगों ने ब्रेस्ट कैंसर की जागरूकता के लिए कदम से कदम मिलाया। मौका था डिकेथलोन और एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल की ओर से आयोजित अवेयरनेस रन का। सुबह आयोजित हुई इस रेस में करीब 1200 से अधिक लोगों ने ब्रेस्ट कैंसर की जागरूकता के लिए दौड़ लगाई। रन का फ्लैग ऑफ एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल के सी ओ ओ डॉ. भरत राजपुरोहित, डिकेथलोन के स्टोर हेड दमन गंभीर, रुचि और पिंक सिटी रनर्स के फाउंडर डॉ. नमित शर्मा ने किया। रेस तीन भागों, तीन, पांच और दस किमी में हुई। इस दौरान हजारों लोगों ने ब्रेस्ट कैंसर को जागरुक करते हुए दौड़ लगाई। इससे पहले जुम्बा डांस सहित कुछ फिटनेस ट्रेनिंग द्वारा लोगों ने रेस के लिए स्ट्रेचिंग की। रेस में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को डिकेथलोन के द्वारा मेडल और सर्टिफिकेट दिया गया। अक्टूबर ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ है इस मोके पर एक्सपर्ट्स ने लोगों को ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ी जानकारियां भी दीं। इस दौरान हॉस्पिटल के मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. जितेंद्र पहलाजानी ने बताया कि 25 साल पहले ब्रेस्ट कैंसर की सौ में से 69 प्रतिशत महिलाएं 50 साल से ऊपर की उम्र की होती थी। 20 से 30 साल की उम्र की महिलाओं में यह प्रतिशत दो प्रतिशत था। अब यह आंकड़ा काफी बदल गया है। आज के समय में कम उम्र में ही ब्रेस्ट कैंसर के मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। 25 सालों से प्रतिशत दो से बढ़कर चार प्रतिशत हो गया है।



# महावीर पब्लिक स्कूल ने "स्वच्छता सेवा मिशन" में किया श्रमदान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

1 अक्टूबर, रविवार को महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें स्वच्छ भारत की स्वच्छांजलि देते हुए महावीर परिवार ने विद्यालय परिसर के बाहर साफ-सफाई कर स्वच्छता मिशन में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर जयपुर नगर निगम के उप महापौर पुनीत कर्णावत ने पधार कर स्वच्छता कार्यक्रम से जुड़े सभी सहभागियों का अपने वक्तव्य से उत्साहवर्धन किया।विद्यालय के मानद् मंत्री सुनील बख्शी तथा प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन ने पुष्पगुच्छ भेंट करके उनका स्वागत किया। उपमहापौर पुनीत कर्णावत ने कहा कि सन 2014 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस स्वच्छता कार्यक्रम की शुरूआत की थी वह अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। सभी देशवासियों ने मोदी जी के साथ कदम से कदम मिलाकर स्वच्छता आंदोलन को एक राष्ट्रीय स्वभाव बना दिया है। अब बच्चे-बूढ़े सभी स्वच्छता का महत्व समझ चुके हैं और सभी भारतवासी अपने गली-मोहल्ले, पूजा-घर, विद्यालय, रेलवे-स्टेशन, सड़कों तथा सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के मिशन में यथाशक्ति अपना योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर जन-सेवा से जुड़ी एन.जी. ओ.पहचान ने भी महावीर परिवार के साथ मिलकर सफाई में अपना योगदान दिया। महावीर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 15 से 30 सितंबर 2023 तक विभिन्न गतिविधियों से युक्त स्वच्छता पखवाड़ा मनाया है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत छात्रों, शिक्षकों और हितधारकों ने विभिन्न कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक भाग लिया है। जैसे -स्वच्छता अभियान के संदर्भ में अधिक से अधिक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से विद्यालय परिसर, प्रवेश द्वार तथा आसपास के अत्यधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में सेल्फी-स्पॉट लगाना, 1 तारीख 1 घंटा के यूट्यूब लिंक तथा ऑडियो-वीडियो और स्वच्छता ही सेवा पर एक लघु फिल्म स्कूल के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करना, विद्यार्थियों द्वारा समाज में साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने की शपथ लेना, छात्रों को स्वच्छता को एक आदत के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु सभा में श्रमदान पर चर्चा करना, छात्रों द्वारा स्वच्छता विषय पर पोस्टर-निर्माण करना, विद्यालय के आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता के विषय में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन करना आदि।




## श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र कोथून के वार्षिक उत्सव (मेला) में समाज को मिला आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का सान्निध्य



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी में विराजमान आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के चरणों में ज्ञानचंद सौगानी एवं ताराचंद सौगानी सहित समस्त कोथून व चनानी जैन समाज ने वार्षिक उत्सव मेला के लिए श्रीफल अर्पित किया। आहारचर्या के पश्चात आर्यिका माताजी का ससंघ पावन सान्निध्य जैन समाज कोथून एवं चनानी को प्राप्त हुआ । गुरु माँ का सान्निध्य पाकर सबका मन प्रफुल्लित हो उठा । श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समक्ष सभी इंद्र - इंद्राणियों ने मिलकर चौसठ ऋद्धि विधान भक्तिमय तरंगों के साथ सम्पन्न किया। वार्षिक उत्सव मेला के अंतर्गत प्रतिवर्ष होने वाले कलशाभिषेक में सौगानी परिवार ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया । पूज्य गुरु माँ के पाद - प्रक्षालन कर सौगानी परिवार ने अपने को धन्य किया । साथ ही गुरु माँ के कर कमलों में शास्त्र भेंट किया गया। माताजी के मुखारविंद से शान्तिधारा करने का भक्तों को सौभाग्य प्राप्त हुआ । भगवान जिनेंद्र के चरणों में चढ़ने वाली फूलमाल पहनने का भी पुण्यार्जक परिवारों ने अवसर प्राप्त किया । तत्पश्चात धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को उपदेश देते हुए माताजी ने कहा कि - यह मेला श्रावक से श्रावक के मिलने का नहीं वरन भगवान से अपनी आत्मा से मिलने का अनुपम स्रोत है ।

## दस लक्षण पर्व का हुआ समापन



### भगवान पार्श्वनाथ का सामूहिक कलशाभिषेक के आयोजन मे उमड़ा जैन समुदाय। निवाई मे बड़ा जैन मंदिर एवं बिचला जैन मंदिर में तपस्वियों का हुआ सम्मान समारोह

**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई । सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज एवं अकम्प सागर महाराज के सानिध्य में दिगम्बर जैन बडा.मंदिर एवं दिगम्बर जैन बिचला मंदिर में सामूहिक कलशाभिषेक का आयोजन किया गया जिसमें जैन समुदाय उमड़ पड़ा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि बडा.जैन मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान पार्श्वनाथ को पालकी मे विराजमान कर भजन कीर्तन के साथ कलशाभिषेक प्रांगण पर लाया गया जहां भगवान पार्श्वनाथ के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। जौंला ने बताया कि कलशाभिषेक कार्यक्रम से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान पार्श्वनाथ की विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज ने धर्म सभा को सम्बोधित किया एवं सभी श्रद्धालुओं को भरपूर आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान भगवान पार्श्वनाथ का जयघोष के साथ सामूहिक कलशाभिषेक किया गया जिसमें भगवान की माला पहनने का सोभाग्य निर्मल कुमार राजेश कुमार जैन झांझरी को मिला।









# आचार्य सौरभ सागर महाराज का सानिध्य: क्षमा वीरस्य भूषणम्

## राजस्थान जैन सभा ने 32 दिन के उपवास करने वाली सुषमा जैन सहित 62 त्यागीव्रती तपस्वियों का किया अभिनन्दन। सकल दिगम्बर जैन समाज के सामूहिक क्षमापना समारोह में उमड़े श्रृद्धालु

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान जैन सभा द्वारा सकल दिगम्बर जैन समाज का सामूहिक क्षमापना समारोह आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में रामलीला मैदान में आयोजित किया गया। राजस्थान जैन सभा द्वारा आयोजित इस सामूहिक क्षमापन पर्व एवं अभिनन्दन समारोह में षोडसकारण के 32 दिन के उपवास करने वाली अजमेर रोड निवासी श्रीमती सुषमा जैन तथा दशलक्षण महापर्व में दस दिन के उपवास करने वाले 61 त्यागी व्रती तपस्वियों का जयकारों के बीच अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर आचार्य श्री सौरभ सागर महाराज ने प्रवचन में कहा कि जैन दर्शन तप, त्याग एवं साधना की पूजा व सम्मान करता है। भारतीय संस्कृति सन्यासियो की पुजारी हैं। आचरण का सम्मान ही असली सम्मान है। दुश्मन को गले लगाना ही क्षमावाणी है। भीतर के अहंकार तथा मान का क्षय ही क्षमावाणी है।अपनी गलती तथा कमी स्वीकार करने के लिए बहुत बडा कलेजा चाहिए। अतः क्षमा वीरों का आभूषण है। कायरों का श्रृंगार नहीं है। हम महावीर के वंशज हैं, अतः गलतियों के लिए क्षमा मांग लेते हैं तथा दूसरों को क्षमा कर देते हैं। क्षमा स्वयं से मांगना शुरू करना चाहिए। उन्होंने सभी त्यागी व्रती तपस्वियों को उनकी तपस्या, साधना के लिए आशीर्वाद दिया। सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं समारोह के मुख्य समन्वयक अशोक जैन नेता ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु -ऋतु कासलीवाल ने की। दीप प्रज्जवलन अशोक -शकुन्तला चांदवाड ने किया। मुख्य अतिथि तुषार -अन्नू सोगानी थे। विशिष्ट अतिथि सुरेश -ललिता





सबलावत तथा त्यागी व्रती पुण्यार्जक राजकुमार -रानी टोंग्या थे। उप महापौर पुनीत कर्णावट एवं जिला कलेक्टर जालौर निशान्त जैन गौरवमयी अतिथि थे। इस मौके पर आचार्य श्री को समाजसेवी कुशल ठोलिया, राजेश रावकां, रितेश लुहाड़िया, महावीर सोगानी ने जिनवाणी भेंट की। सभा की ओर से सुभाष चन्द जैन, अशोक जैन नेता, महेश काला, मुकेश सोगानी, मनीष बैद, विनोद जैन कोटखावदा, भानू छाबड़ा, राकेश छाबड़ा, कमल बाबू जैन , प्रदीप जैन, शैलेन्द्र शाह चीकू, यशकमल अजमेरा, अमर दीवान, अशोक पाटनी, सुभाष बज, आर के जैन रेलवे, राजीव पाटनी, अनिल छाबड़ा, सूर्य प्रकाश छाबड़ा, राकेश गोधा, जिनेन्द्र जैन जीतू, मीना चौधरी, सीमा जैन गाजियाबाद, शकुन्तला पाण्डया, दीपिका जैन कोटखावदा, संगीता सोगानी, रचना बैद , साधना छाबड़ा, निशा जैन, ऊषा दीवान, अर्चना पाटनी आदि ने अतिथियों व त्यागी व्रती तपस्वियों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। अतिथियों ने त्यागी व्रती तपस्वियों को जिनवाणी एवं चांदी की माला भेंट की। राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने स्वागत उदबोधन में सन 1953 से राजस्थान जैन सभा द्वारा सामूहिक क्षमापना समारोह मनाने तथा सभा द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों की जानकारी दी। समारोह अध्यक्ष सुधान्शु जैन, मुख्य अतिथि तुषार सोगानी एवं गौरवमयी अतिथि निशान्त जैन ने अपने उदबोधन में सामाजिक एकता तथा तप साधना की अनुमोदना पर बल दिया। मंच संचालन राजस्थान जैन सभा के महामंत्री मनीष बैद ने किया। आभार मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने व्यक्त किया। इस मौके पर आचार्य सौरभ सागर महाराज के गृहस्थ जीवन के माता-पिता श्री पाल जैन - श्रीमति चन्द्र प्रभा जैन, राजस्थान जैन सभा के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल छाबड़ा, रमेश गंगवाल सहित अर्चना शर्मा, संजय बापना, पार्षद पारस जैन, पारस पाटनी ने भी आचार्य श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह के समापन पर जैन बन्धुओं द्वारा गत वर्ष की गलतियों के लिए आपस में क्षमा याचना की गई। इस मौके पर समाज की विभिन्न संस्थाओं की ओर से खोपरा मिश्री खिलाकर क्षमायाचना की गई। समारोह के अन्त में समाजबंधुओं का सामूहिक वात्सल्य सहभोज हुआ।

## वेद ज्ञान

### परिष्कृत अध्यात्म

परिष्कृत अध्यात्म आज के युग की महती आवश्यकता है। चिंतक, विचारक, वैज्ञानिक इसकी आवश्यकता का अनुभव करने लगे हैं। परिष्कृत अध्यात्म आज के युग की महती आवश्यकता है। लगभग सभी चिंतक, विचारक, वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक इसकी आवश्यकता का अनुभव करने लगे हैं, परंतु वर्तमान में अध्यात्म का जो स्वरूप है, क्या यह उस आवश्यकता की पूर्ति कर सकता है? आज अध्यात्म सुंदर शब्दों पर टिक गया है। जो जितना अध्यात्म के गूढ़तत्वों को अलंकृत शैली में बोल सके वह उतना ही बड़ा आध्यात्मिक व्यक्ति माना जा रहा है। फिर इसके एक भी तत्व को भले ही अनुभव न किया गया हो। वस्तुतः अध्यात्म ऐसा है नहीं। इसे ऐसा कर दिया गया है। अध्यात्म एक वैज्ञानिक प्रयोग है जो पदार्थ के स्थान पर जीवन के नियमों को जानना, समझना, प्रयोग करना और अंत में जीवन जीने का तरीका सिखाता है। अध्यात्म जीवन-दृष्टि और जीवन-शैली का समन्वय है। यह जीवन को समग्र ढंग से न केवल देखता है, बल्कि इसे अपनाता भी है। आज कई लोग ऐसे हैं जो अध्यात्म से नितांत अनभिज्ञ हैं, लेकिन वही अध्यात्म की भाषा बोल रहे हैं। आज अध्यात्म के तत्वों की संस्थानों और कार्यशालाओं में चर्चा की जाती है। यह कटु सत्य है कि आध्यात्मिक भाषा बोलने वाले कुछ लोगों का जीवन अध्यात्म से नितांत अपरिचित, परंतु भौतिक साधनों और भोग-विलासों में आकंठ डूबा हुआ मिलता है। आज के तथाकथित कई अध्यात्मवेत्ता भय, आशंका, संदेह, भ्रम और अविश्वास से ग्रस्त है, जबकि अध्यात्म के प्रथम सोपान को इनका समूल विनाश करके ही पार किया जाता है। वस्तुतः अध्यात्म अति वैज्ञानिक तथ्य है। चेतना की चिरंतन और नूतन खोज ही इसका प्रमुख कार्य रहा है, परंतु चेतना के विभिन्न आयामों को खोजने के बदले इससे जुड़े कुछ तथाकथित लोगों ने इसे और भी मलिन और संकुचित किया है। उन्होंने इसे प्रयोगों-परीक्षणों से गुजारने से इंकार कर दिया है। अध्यात्म को वर्तमान स्थिति से उबारने के लिए आवश्यक है कि इसे प्रयोगधर्मी बनाया जाए। अध्यात्म के मूल सिद्धांतों को प्रयोग की कसौटी पर कसा जाए। आध्यात्मिकता के बहिरंग और अंतरंग दो तत्व जीवन में परिलक्षित होने चाहिए।

## संपादकीय

# समाज में आज भी बुजुर्गों के साथ अच्छा व्यवहार क्यों नहीं?

भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों को अनुभवों का खजाना माना जाता रहा है, मगर चिंताजनक है कि बुजुर्ग अब परिजनों और समाज की उपेक्षा, दुर्व्यवहार सहित कई तरह की समस्याएं झेलने को विवश हैं। भारतीय समाज में सदा सयुंक्त परिवार को अहमियत दी जाती रही है, जहां बुजुर्गों का स्थान सर्वोपरि रहा है, मगर अब एकल परिवारों के बढ़ते चलन के कारण बुजुर्गों की उपेक्षा बढ़ रही है। दरअसल, समाज में अपनी हैसियत बड़ी दिखाने की चाहत में कुछ लोगों को अपने ही परिवार के बुजुर्ग मार्ग की बड़ी रुकावट लगने लगते हैं। ऐसे लोगों को सामाजिक तौर पर अपनी खुशियों में बुजुर्गों को शामिल करना शान के खिलाफ लगता है। ऐसी ही रूढ़िवादी सोच के कारण उच्च वर्ग से लेकर मध्यवर्ग तक में अब वृद्धजनों के प्रति स्नेह की भावना कम हो रही है। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में करीब साठ फीसद बुजुर्ग महसूस करते हैं कि समाज में उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। पचपन फीसद ने अनादर,



सैंतीस फीसद ने मौखिक दुर्व्यवहार, तैंतीस फीसद ने उपेक्षा, चौबीस फीसद ने आर्थिक शोषण तथा तेरह फीसद ने शारीरिक शोषण की बात स्वीकार की। देश में संयुक्त परिवार प्रणाली धीरे-धीरे टूटने के कारण ही माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 अस्तित्व में आया था। पीएम मोदी की बढ़ रही लोकप्रियता, सितंबर में अप्रूवल रेटिंग रही 65 फीसद इसी अधिनियम को ज्यादा समकालीन और अधिक प्रभावी बनाने के लिए संशोधन विधेयक, 2019 लोकसभा में पेश किया गया, जिसमें भरण-पोषण का आवेदन करने के बाद नब्बे दिन के भीतर निपटारे का प्रावधान है, जबकि पहले नोटिस के बाद नब्बे दिन तय थे। पुराने कानून में बुजुर्गों के साथ गलत व्यवहार करने पर कोई प्रावधान नहीं था, जबकि नए विधेयक में तीन से छह महीने तक जेल या दस हजार रुपए जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। एक गैर-सरकारी संस्था की रपट के अनुसार भारत में 47 फीसद बुजुर्ग आर्थिक रूप से अपने परिवारों पर निर्भर हैं, 34 फीसद पेंशन और नकद हस्तांतरण पर निर्भर हैं, जबकि सर्वेक्षण में 40 फीसद लोगों ने यथासंभव काम करने की इच्छा व्यक्त की। सर्वेक्षण में यह बात भी सामने आई कि 71 फीसद वरिष्ठ नागरिक काम नहीं कर रहे थे, जबकि 36 फीसद काम करने को तैयार थे। यही नहीं, 30 फीसद से ज्यादा बुजुर्ग तो विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए स्वेच्छा से अपना समय देने को तैयार थे, जिससे स्पष्ट है कि अगर पुरानी पीढ़ी की ऊर्जा को पर्याप्त अवसर मिले तो भारत की आर्थिक और सामाजिक तस्वीर उज्ज्वल हो सकती है। एक गैर-सरकारी संगठन की रिपोर्ट के अनुसार 2022 तक दुनिया में वरिष्ठ नागरिकों की आबादी 110 करोड़ और कुल आबादी की लगभग 14 प्रतिशत थी। 2050 तक यह आबादी बढ़कर 210 करोड़ और कुल आबादी की लगभग 22 प्रतिशत होने की संभावना है। एशिया में बुजुर्ग आबादी 2050 तक 130 करोड़ हो जाएगी। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# जलवायु परिवर्तन

अभी हाल में हमने यह खबर पढ़ी कि जुलाई, 2023 वैश्विक स्तर पर अब तक का सबसे गरम महीना रहा; इसके ठीक उलट यह भी पढ़ने को मिला कि उत्तर भारत में 2016 के बाद की यह सबसे ठंडी जुलाई रही। जाहिर है, इसकी जटिलताओं की परतें जलवायु परिवर्तन से जुड़ी हैं। अब यह साफ हो चुका है कि पानी के साथ जलवायु परिवर्तन का अटूट रिश्ता है, जो सूखे और बाढ़ से लेकर ध्रुवीय बर्फ के पिघलने के कारण समुद्री जल-स्तर में वृद्धि जैसे अलग-अलग रूपों में दिखाई देता है। डब्ल्यूआरआई एक्विडक्ट के नए आंकड़ों से संकेत मिलते हैं कि वैश्विक तापमान वृद्धि को यदि पेरिस लक्ष्य के 1.3 डिग्री सेल्सियस पर भी सीमित रखने में हम सफल होते हैं, तब भी साल 2050 तक अतिरिक्त एक अरब लोगों (अनुमानित आबादी से 12 फीसदी अधिक) को अत्यधिक जल-तनाव के बीच जीना पड़ सकता है। किसी भी देश के लिए अत्यधिक जल-तनाव वह स्थिति होती है, जब वह अपने यहां के स्वच्छ जल संसाधन का कम से कम 80 फीसदी इस्तेमाल कर रहा है, जबकि उच्च जल-तनाव का मतलब है, उपलब्ध संसाधन का कम से कम 40 फीसदी इस्तेमाल। इस तरह के आंकड़े वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी भारी पड़ते हैं, क्योंकि इसी अध्ययन में यह अनुमान भी लगाया गया है कि साल 2050 तक वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद को 31 फीसदी का नुकसान होगा, यानी 70 ट्रिलियन डॉलर जल-तनाव से प्रभावित होगा, और इनमें से भी आधे से अधिक के लिए भारत, मेक्सिको, मिस्र और तुर्की जिम्मेदार होंगे। स्पष्ट है, इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती, विशेष रूप से दुनिया के उन हिस्सों में, जहां बढ़ती जनसंख्या और तेज विकास आपस में जुडे.हैं। जल की घटती उपलब्धता आर्थिक विकास के साथ-साथ दुनिया की खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि विश्व की 60 फीसदी सिंचित कृषि (मुख्यत चावल, गेहूं, मक्का और गन्ना) अत्यधिक जल संकट का सामना कर रही है। आईपीसीसी रिपोर्ट में दक्षिण एशिया को जलवायु परिवर्तन के लिहाज से खास संवेदनशील बताया गया है। इस मानसून में ही उत्तर भारत में काफी बारिश हुई, जबकि पूर्वी क्षेत्रों में पानी कम बरसा। इसे भारत में खरीफ फसलों की बुआई में देरी के साथ जोड़कर देखिए। भारत में स्वच्छ जल संसाधनों की 80 फीसदी खपत खेती-किसानी में होती है। जल संसाधन समूह (डब्ल्यूआरजी) के अनुसार, साल 2030 तक हमारे पास जरूरत का केवल 50 फीसदी पानी होगा और यह भारत के इतिहास का संभवत सबसे बुरा संकट होगा। इस साल की शुरूआत में पहली बार सरकारी व निजी जल निकायों की गणना प्रकाशित की गई थी। यह जल भंडारण को बढ़ाने के ख्याल से स्वागतयोग्य कदम है। जल संबंधी सरकारी पहलों से पता चलता है कि शीर्ष स्तर समस्या को लेकर गंभीर है। अखिल भारतीय कार्ययोजना (राष्ट्रीय जल मिशन और ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) से लेकर भूजल प्रबंधन कार्यक्रम (अटल भूजल योजना) हमारे पास है ही, साथ में ऐसी योजनाएं भी हैं, जो कृषि-कार्यों में जल प्रबंधन को बढ़ावा देती हैं, जैसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना। इस कोशिश में भारतीय उद्योग जगत तीन तरीके से मदद कर सकता है। पहला, किसानों के साथ काम करने वाली कंपनियां अधिक कुशल जल उपायों को प्रोत्साहित कर सकती हैं, जैसे जल-कुशल फसलों की ओर बढ़ना या स्प्रिंकलर अथवा ड्रिप सिंचाई का उपयोग करना।

# दस लक्षण पर्व के समापन पर उत्तम क्षमावाणी के कलश हुए

**मनोज सोनी। शाबाश इंडिया**

निंबाहेड़ा। शनिवार को दस लक्षण पर्व के समापन पर दिगंबर जैन धर्मावलंबीयो ने उत्तम क्षमा धर्म की पूजा अर्चना कर पारस्परिक क्षमा याचना की। शनिवार सायंकाल श्री आदिनाथ दिगंबर जैन जिनालय परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आदि बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर क्षमावाणी के कार्यक्रम के लाभार्थी जितेंद्र जैन यूनिटहेड न्यूवको सिमेंट, राजेश गंगवाल, संजय पाटनी जेके सीमेंट अल्ट्राटेक के सानिध्य में सामूहिक कलशाभिषेक ओर शांतिधारा की। देर रात्रि समाज अध्यक्ष सुशील काला की अगुवाई में आयोजित धर्मसभा में समाजजनों ने आपस में पारस्परिक क्षमा याचना कर वर्ष पर्यन्त जाने अनजाने में हुई त्रुटियों के लिए क्षमा मांगी। इस अवसर पर दशलक्षण पर्व पर बड़ी संख्या में हुए उपवास त्याग तपस्या के तपार्थियो की अनुमोदना के साथ बहुमान और विविध धार्मिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को समाज स्तर पर सम्मानित कर हौसला अफजाई की गई।



## सी आई एस एफ द्वारा थर्मल कालोनी में मनाया गया स्वच्छता अभियान



**कोटा. कासं।** कोटा थर्मल की सुरक्षा में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी आई एस एफ) के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत 1 अक्टूबर को 'एक तारीख एक घण्टा'' कार्यक्रम के तहत सी आई एस एफ स्काउट गाइड एवं थर्मल कर्मचारियों के थर्मल कालोनी के शॉपिंग काम्प्लेक्स व आसपास के क्षेत्र की साफ - सफाई की केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप कमांडेंट तरुण कुमार ढ़लवानी ने कालोनी वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा सभी ने संकल्प लिया वे अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखेंगे तथा कचरा नहीं फेलायेंगे व किसी को कचरा नहीं फेलाने देंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन के मुख्य अभियन्ता अशोक कुमार आर्य उपस्थित रहे ।उन्होंने स्वच्छता अभियान के दौरान उपस्थित लोगों को साफ सफाई के प्रति सजग रहने के लिये प्रेरित किया और अभियान में जुड़ने वाले सभी लोगों का उत्साह बढ़ाया।

## अग्रवाल समाज सेवा समिति जगतपुरा की महिला मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अग्रवाल समाज सेवा समिति जगतपुरा की महिला मोर्चा की कार्यकारिणी की घोषणा शेफाली जैन अध्यक्ष, अनिता फतेहपुरिया महामंत्री, मीनू अग्रवाल , ज्योति अग्रवाल कोषाध्यक्ष बनाया गया, समाज के महामंत्री पुनीत अग्रवाल ने बताया कि अभी 35 महिलाओं की कार्यकारिणी बनी है, जो कि सभी सर्वसमिति से निर्वाचित हुई है , सभी के विचार आने के बाद समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने सभी को बधाई दी समाज को आगे बढ़ाने की शपथ दिलवाई।

## 150वीं जन्म जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम आज से

### पू. गणेश प्रसाद वर्णी जी की जन्म जयंती पर होंगे, 100 से ज्यादा स्थानों पर कार्यक्रम

**मनीष विद्यार्थी. शाबाश इंडिया**

सागर। परम पूज्य गणेश प्रसाद वर्णी जी, जैन समाज में शिक्षा के क्षेत्र में अलख के जागने वाले युग पुरुष थे।आज भी उनके द्वारा स्थापित गुरुकुल जीवंत है। संस्कृत महाविद्यालय एवं वर्णी स्नातक संस्थान मोराजी सागर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम 2 अक्टूबर 2023 से वर्णी भवन मोरा जी में प्रारंभ होगा। पू. वर्णी जी की जन्म जयंती के कार्यक्रम देश के सौ स्थानों पर ,अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगें। जिसमें सागर ,कानपुर जबलपुर ,मड़ावरा ,द्रोणगिरी वाराणसी ,छतरपुर ,खरगपुर, शाहगढ,खतौली मुख्य रूप से है। पू. वर्णी जयंती के उपलक्ष्य मे दो दिवसीय कार्यक्रम वर्णी भवन मोराजी में परम पूज्य मुनि श्री अजित सागर जी महाराज, आ. सौम्यनंदनी माताजी,आ.श्री सुयोग्य नंदिनी माताजी के मंगल सान्निध्य में सुबह से नित्य नियम पूजन ,आमंत्रित विद्वानों द्वारा वर्णी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर प्रकाश डाला जाएगा मुनिश्री, आ श्री के मंगल प्रवचन दोपहर 1बजे से संस्था के पूर्व स्नातक सुरेश जैन आईएएस की अध्यक्षता एवं न्यायमूर्ति श्रीमती विमला जैन के मुख्य अतिथि में मोरा जी संस्थान के स्नातक छात्रों का सम्मेलन होगा। शाम को आर्यिका ससंघ के सान्निध्य में आचार्य भक्ति और रात्रि 7:30 बजे से पूज्य वर्णी के जीवन पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया जावेगा। रात्रि मे नौ बजे से जैन भ्रात संघ सागर के तत्वावधान में कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण मे विराट आरती नृत्य और गायन प्रतियोगिता होगी है 3 अक्टूबर को नित्य नियम पूजन आर्यिका.श्री के मंगल प्रवचन दोपहर 1बजे से राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी प्रो. पं. फूलचंद्र प्रेमी वाराणसी की अध्यक्षता में आयोजित होगी है। मोराजी में स्थापित पूज्य वर्णी जी की प्रतिमा पर श्रीफल अर्पण किया जायेगा। पूज्य वर्णी जी द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थानो में सेवारत साधर्मी बंधुओं एवं पूज्य वर्णी जी पर कार्य करने वालों को सम्मानित किया जावेगा। परम पूज्य महामुनिराज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य परम पूज्य मुनि श्री अजितसागर महाराज के मंगल प्रवचन होगे। आभार एवं समापन प्रेस विज्ञप्ति में कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी मनीष विद्यार्थी ने बताया कि पूज्य वर्णी जी का जन्म असाटी समाज में हुआ था, लेकिन जैन धर्म पर आस्था के कारण एवं शताधिक शिक्षण संस्थाओं की स्थापना करवाने से वह जैन समाज के श्रेष्ठ संतों में स्थान प्राप्त है।इस कार्यक्रम की संयोजन में पिछले दो-तीन वर्षों से मोराजी समिति के अध्यक्ष संतोष पटना , मंत्री डॉ क्रांति कुमार सराफ,उप मंत्री मुकेश जैन ,राजेश शास्त्री, अभिषेक शास्त्री वर्णी स्नातक संस्थान के अध्यक्ष डॉ. हरिश्चंद्र जैन शास्त्री, कार्य. अध्यक्ष संजय शास्त्री , कोषाध्यक्ष राजेंद्र जैन दलपतपुर , संयोजक चंद्रेश जैन शास्त्री के अथक प्रयासों से पूज्य वर्णी जी की जन्मस्थली हंसेरा में वर्णी स्मारक का निर्माण एवं 150 वीं जन्म जयंती का यह आयोजन में सक्रिय भूमिका मोराजी प्रबंध समिति एवं वर्णी स्नातक संस्थान के छात्रों द्वारा निस्वार्थ भाव से संयोजित किया गया है, जो जैन प्रभावाना का निमित्त बनेगा।



# दस लक्षण महापर्व के उपलक्ष में धर्म प्रभावना हेतु विभिन्न मन्दिरों में भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों का आयोजन






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन इनजीनियर सोसायटी जयपुर चेप्टर (नार्थ)ने दस लक्षण महापर्व के उपलक्ष में धर्म प्रभावना हेतु विभिन्न मन्दिरों में भिन्न भिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया व जैन इन्जीनियर सोसायटी नॉर्थ के संस्थापक अध्यक्ष इन्जीनियर अखिलेश जैन, अध्यक्ष आर.के.जैन, पूर्व अध्यक्ष इन्जीनियर अनिल शाह, उपाध्यक्ष इन्जीनियर जिनेश जैन, सचिव इन्जीनियर पवन पाटनी, कोषाध्यक्ष इन्जीनियर अजित जैन, संयुक्त सचिव इन्जीनियर विनोद जैन, कार्यकारिणी सदस्य इन्जीनियर के. सी. जैन व इन्जीनियर पकंज जैन व अन्य सदस्यों इन्जीनियर किशोर सरावगी, इन्जीनियर आयुश सांगी, इन्जीनियर दिलिप कुमार जैन,इन्जीनियर आर्यन सांगी ने दस लक्षण महापर्व के सभी कार्यक्रमें में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। जयपुर चेप्टर नार्थ के सचिव इनजीनियर पवन पाटनी ने अवगत करवाया कि सर्वप्रथम शुक्रवार 22 सितंबर को श्री दिगंबर जैन मन्दिर श्योपुर, प्रताप नगर में इन्जीनियर अलका जैन के द्वारा संयोजित विचित्र भेषभूषा का आयोजनकिया।जिसमें बच्चों ने बहुत ही सरहनीय प्रस्तुति दी तथा सभी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया। शनिवार दिनांक 23 सितंबर को श्री दिगंबर जैन मन्दिर हीरा पथ मानसरोवर में रोचक वधार्मिक प्रश्न मंच का आयोजन किया जिसके संयोजक इन्जीनियर आयुश सांघी,अर्चना सांघी व ग्रुप के कोषाध्यक्ष इन्जीनियर अजित जैन थे।सभी सही उत्तर देने वालों को जैन इन्जीनियर सोसायटी द्वारा पारितोषिक किया गया। इसी शृंखला में सोमवार दिनांक 25 सितंबर को श्री दिगंबर जैन मंदिर कृष्णा मार्ग श्याम नगर में धार्मिक प्रश्न मंच का आयोजन इंजीनियर व पूर्व अध्यक्ष अनिल शाह के संयोजन में किया गया। इसमें महिलाओं व पुरुषों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा सभी सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मंगलवार दिनांक 26 सितंबर को श्री चन्द्र प्रभु दिगंबर जैन मन्दिर दुगार्पुरा में इन्जीनियर व संयुक्त सचिव विनोद जैन के द्वारा संयोजित विचित्र भेषभूषा का आयोजन किया जिसमें बच्चों ने जैनधर्म की अपनी भेषभूषा के द्वारा बहुत सुंदर रूप से प्रस्तुत किया व जैन इन्जीनियर सोसायटी जयपुर नार्थ ने सभी विजेताओं व सभी भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस क्रम मे अंतिम कार्यक्रम इजीनियर पंकज जैन के सराहनीय संयोजन में बुधवार दिनांक 27 सितंबर को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पार्श्वनाथ नगर, सांगानेर में ''जैन धर्म पर आपके विचार'' विषय पर वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें महिलाओं व पुरुषों ने जैन धर्म के अत्यंत महत्वपूर्ण आदर्शो पर आधारित अपने विचार रखे जो कि बहुत ही सराहनीय रहे। अंत में विजेताओं व सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सभी आयोजनों में संस्थापक अध्यक्ष इन्जीनियर अखिलेश जैन, अध्यक्ष इन्जीनियर आर.के.जैन, पूर्व अध्यक्ष इन्जीनियर अनिल शाह व कोषाध्यक्ष इन्जीनियर अजित जैन व सचिव इन्जीनियर पवन पाटनी नेजैन इन्जीनियर सोसायटी जयपुर चैपटर नार्थ की कार्यप्रणालियों के संर्दभ मे अवगत करया तथा जयपुर चैपटर नार्थ के अध्यक्ष इन्जीनियर आर.के.जैन ने सोलर पावर, वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर पावर की सुरक्षा व मोनिटरिंग के संर्दभ मे अवगत करया वसचिव इन्जीनियर पवन पाटनी ने मंदिर की कार्यकारिणी, युवा मंडल व महिला मंडल के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# त्रिवेणी नगर में क्षमायाचना एवं पढवा ढोक मनाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर त्रिवेणी नगर में शनिवार को पडवा ढोक एवं क्षमायाचना पर्व भक्ति भाव से मनाया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष महेन्द्र काला ने बताया कि प्रातः भगवान का अभिषेक व सामूहिक पूजन हुई। शाम को मन्दिर में दूध, दही केसर से भगवान का कलशाभिषेक हुआ, माल पहने का सौभाग्य मंजू, राजीव, रेणु, उमंग पाटनी परिवार को मिला। इस अवसर पर जय जिनेन्द्र प्रतियोगिता के विजेताओं को राखी, हनी, उन्नति बड़जात्या की तरफ से पारितोषित वितरित किया गया शाम को मन्दिरजी में आरती की गई। श्रद्धालुओं ने भक्ति व भावों सहित दस लक्षण पर्व मनाया। ततपश्चात पर्यूषण महापर्व के इस पावन अवसर पर सभी ने मन से, वचन से, कर्म से, एक दूसरे से गत वर्ष की भूल पर क्षमायाचना की। इस अवसर पर समिति के मंत्री रजनीश अजमेरा, विनोद लोहिया, राकेश छाबड़ा, अशोक पाटोदी, सचिन काला, कैलाश सौगानी, लोकेश जैन, नरेंद्र कुमार सेठी, प्रवीण पांडया, अरिहंत जैन, सहित महिला मंडल की सन्तोष सौगानी, शिमला पापड़ीवाल, युवा मंडल व बड़ी संख्या में समाज बन्धु उपस्थित थे। **संकलन :नरेश कासलीवाल**





दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में

**दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर** द्वारा

**आदिनाथ मित्र मण्डल, जयपुर** के सहयोग से



## 48 दीपको से रिद्धि-सिद्धि मंत्रों के साथ

# भक्तामर पाठ

## एवं क्षमापना समारोह

**सोमवार, 2 अक्टुबर 2023**
**सायं 7.30 बजे से**

**स्थान :**
**श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, संघी जी, सांगानेर, जयपुर**



—: प्रथम दीप प्रज्वलन कर्त्ता परिवार :—
श्री पदम चन्द जी-कमला जैन, श्री टीकम जी-मीनाक्षी जैन
श्री पंकज जी-नीलम जैन, आदी, काव्या, अनिषा, निक सेठी
(सुल्तानियां वाले) सांगानेर निवासी



**गायक**
**श्री अशोक गंगवाल**

—: कार्यक्रम संयोजक :—
कमल-मंजु ठोलिया
नितेश-मीनू पाण्ड्या
सुनील-रेणू बाकलीवाल

—: कार्यक्रम ड्रेस कोड :—
पुरुष वर्ग – सफेद कुर्ता पायजामा/पेंट शर्ट
महिला वर्ग – केसरिया/पीली साड़ी

### आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राकेश–समता गोदिका<br>अध्यक्ष | सुरेन्द– मृदुला पांड्या<br>संरक्षक | दर्शन– विनीता बाकलीवाल<br>संरक्षक | दिनेश–संगीता गंगवाल<br>परामर्शक | मनीष–शोभना लोंग्या<br>कार्याध्यक्ष | अनिल–अनिता जैन<br>कोषाध्यक्ष | अनिल–निशा संघी<br>सचिव |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुनील–सुनीता गोदिका<br>उपाध्यक्ष | चक्रेश–पिंकी जैन<br>उपाध्यक्ष | राकेश–रेणु संघी<br>उपाध्यक्ष | विनोद–हेमा सोगानी<br>उपाध्यक्ष | राजेश–रितु छाबड़ा<br>संगठन सचिव | राजेश–रानी पाटनी<br>संगठन सचिव | प्रदीप–प्राची बाकलीवाल<br>संयुक्त सचिव | चेतन–डॉ.अनामिका पापडीवाल<br>संयुक्त सचिव | कमल–मंजु ठोलिया<br>सांस्कृतिक सचिव | राजेन्द्र–कुसुम जैन<br>खेल सचिव |

कार्यकारिणी सदस्य : अनिल–ज्योति चौधरी ✲ डॉ अनुपम–विनीता जैन ✲ सपन–रजनी छाबड़ा ✲ नितेश–मीनू पाण्ड्या विशेष आमंत्रित : अशोक–अर्चना पाटनी ✲ अशोक सेठी

### सहयोगी :: आदिनाथ मित्र मण्डल, जयपुर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुनील जैन<br>अध्यक्ष | राकेश गोदिका<br>संरक्षक | विमल जैन<br>वरिष्ठ उपाध्यक्ष | संजय जैन 'आवां'<br>उपाध्यक्ष | साकेत जैन<br>उपाध्यक्ष | अशोक सेठी<br>संयुक्त मंत्री | अनिल जैन डोड्या<br>संयुक्त मंत्री | मुकेश जैन<br>कोषाध्यक्ष | राजेन्द्र बाकलीवाल<br>मंत्री |

कार्यकारिणी सदस्य : टीकम जैन, अशोक सोगानी, राजेन्द्र जैन बोरखंडी, अनिल जैन (ढोशी), अशीष शाह, अशोक जैन (आगरा रोड़), पं. विनोद शास्त्री

### निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजेश बड़जात्या<br>अध्यक्ष | अनिल जैन IPS<br>संस्थापक अध्यक्ष | सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या<br>परामर्शक | नवीन सेन जैन<br>परामर्शक | यश कमल अजमेरा<br>निर्वतमान अध्यक्ष | अतुल बिलाला<br>पूर्व अध्यक्ष | पारस कुमार जैन<br>कोषाध्यक्ष | निर्मल संघी<br>महासचिव |

**आप सपरिवार इष्टमित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं ।**

Printed by : VARDHMAN PRINTERS # 9314263204

# तपस्वीयों का सम्मान, कलशाभिषेक एवं क्षमावाणी पर्व संपन्न



**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया।** श्री बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में अग्रवाल उत्सव भवन में श्रुत संवेगी मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में तपस्वीयों का सम्मान, कलशाभिषेक एवं क्षमावाणी पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ने धर्म देशना में कहा कि धागा अखंड होता है यदि गांठ है, तो खोल देना। गलतफहमियां से जीवन में कषाय का निमित बनता हैं। उन्होंने कहा कि आज के दिन अपनी बुराई को त्याग करके जाना। परिवर्तन अपने अंदर से आना चाहिए। जीवों को दुख देकर निरंतर पाप कर रहे हो। तो सुख कैसे मिलेगा। मुनिश्री ने कहा कि मन- वचन- काय से सब जीवों को क्षमा करें। यही क्षमावाणी पर्व है। मुनि श्री ने कहा कि कोई नेतृत्व कर्ता की टांग खींचता है तो जैन समाज आगे कैसे बढ़ेगा। यह तत्व की बात है। जो झुकता है, उसकी मान कषाय छुटती है। जो क्षमा धारण करता है। वह बड़ा इंसान कहलाता है। इस दौरान पवन कुमार श्रीमती इंद्रा पाण्डिया परिवार द्वारा 10 उपवास करने वाले 28 तपस्यियों एवं पाच उपवास करने वाले 29 तपस्सियो को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देखकर भाव भिना सम्मान किया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार छाबड़ा ने सोसाइटी के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि मोक्षरथ एवं डीफ्रिज चालू करने के बाद आगामी योजना के बारे में बताया कि समाज में एक एंबुलेंस चालू करने की योजना आज मुनिश्री ससंघ के सानिध्य में घोषणा कर रहे हैं। जनसमुदाय ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। तथा कई दानदाताओं ने स्वेच्छा से दान राशि देने की घोषणा की। जिसका सोसाइटी ने स्वागत किया। शुरूआत में शहर के सभी मंदिरों के पदाधिकारी एवं सोसाइटी के सदस्यों ने दीप प्रज्जवलित किया। मुनिससंघ का पाद पक्षालन किया। आदिनाथ महिला मंडल एवं ज्ञानमती महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण किया गया। बाहुबली महिला मंडल सुन्दर भक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी। छोटी बालिकाओं ने भक्ति नृत्य द्वारा मंगलाचरण किया। समारोह का संचालन पदमचंद कला एवं वीरेंद्र छाबड़ा ने किया। सोसाइटी के सचिव राजकुमार चौधरी ने सभी का सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। सोसाइटी के सदस्यों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान दिया।



# दि .जैन मंदिर 10 बी स्कीम जयपुर में क्षमावाणी पर्व हर्षोल्लास से मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री शांतिनाथ दि.जैन मंदिर 10 बी स्कीम जयपुर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष निहाल चंद जैन एडवोकेट व मंत्री जितेंद्र जैन ने अवगत कराया कि श्रावक श्राविकाओं ने भाद्रपद के दस लक्षण महापर्व में उत्तम क्षमा,मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच,संयम,तप, त्याग,आकिंचन और ब्रह्मचर्य आदि दस धर्मों को आत्मसात करते हुए जैन धर्म का महान पर्व क्षमावाणी पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया । महोत्सव के संयोजक मोना, रेखा,रोशन लाल ने बताया कि इस अवसर पर सायंकाल भगवान के कलशाभिषेक के पश्चात समाज ने षोडसकारण के 16 दिवस के उपवास करने वाले अरिहंत जैन व 3 दिन के उपवास करने वाले प्रदीप टोंग्या, पवन गोधा तथा कांता कासलीवाल को तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार व अभिनंदन कर उन्हें धर्म व्रद्धि हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रवक्ता राखी अजमेरा व जीवन जैन ने बताया कि 80 वर्ष व इससे ऊपर के व्रद्धजनो व मेघावी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र भेट कर सम्मानित किया गया। महोत्सव की समाप्ति पर समाज के सदस्यो ने खोपरा -मिश्री खिलाकर क्षमायाचना करते हुए विदाई ली ।

# चौमूं जैन समाज द्वारा क्षमा वाणी महापर्व बड़ी धूमधाम से मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सकल दिगंबर जैन समाज चौमूं द्वारा दस लक्षण पर्व के समापन पर क्षमा वाणी महापर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जैन समाज प्रवक्ता पंकज जैन ने बताया कि प्रातः अभिषेक शांति धारा एवं शाम को श्री जी के अभिषेक एवं माल डाक हुई। माल डाक लेने का सौभाग्य जयकुमार राजेंद्र कुमार महावीर प्रसाद पदमचंद जैन को प्राप्त हुआ । ज्ञान गंगा प्रतियोगिता में सभी विजेताओं को पारितोषिक पुरस्कार अशोक कुमार प्रतीक कुमार जैन द्वारा दिया गया ।पहला पुरस्कार नवरत्न ताराचंद अनिल जैन द्वारा द्वितीय पुरस्कार विमल चंद मुकेश कुमार मनीष कुमार द्वारा तृतीय पुरस्कार विनोद कुमार मनोज कुमार जैन द्वारा दिया गया एवं संयोजन आयोजक का सम्मान महिला मंडल एवं अशोक कुमार जैन द्वारा किया गया । इन सभी कार्यक्रम के दौरान जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, मंत्री राजेंद्र, उपाध्यक्ष प्रमोद जैन,अनिल जैन, सुरेश जैन, नेमीचंद जैन, हीरालाल जैन, नितेश पहाड़िया, मोतीलाल जैन, राजेंद्र कासलीवाल, सुमन देवी पहाड़िया, मधु जैन, सुनीता जैन, रविता जैन इत्यादि श्रावक मौजूद थे।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक–ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई–मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com



# कुंडलपुर में हजारों भक्तों ने किया अभिषेक

## बड़े बाबा के यहां महोत्सव जैसा नजारा

राजेश रागी /रत्नेश जैन. शाबाश इंडिया

कुण्डलपुर, दमोह। सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में रविवार के दिन भक्तों की भारी भीड़ जुटी ।प्रातः होते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त छह घरिया से वंदना हेतु पहाड़ पर चढ़े और क्रमशः मंदिरों की वंदना करते हुए पूज्य बड़े बाबा के मंदिर पहुंचे ।जहां पर बड़े बाबा का अभिषेक करने हेतु भक्त पीले वस्त्र धारण कर बड़ी संख्या में गर्भगृह की ओर पहुंचने पंक्तिबद्ध लाइन में लगे हुए थे। कुण्डलपुर कमेटी के जयकुमार जलज ने बताया कि भक्तांमर महामंडल विधान के पश्चात प्रथम



अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धि कलश अभिषेक हेतु पात्र चयन किया गया ।तत्पश्चात अभिषेक हेतु उमड़ पड़ी भीड़ को क्रमशः अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । हजारों भक्तों ने अभिषेक कर अपने पुण्य को सराहा। अभिषेक करने वालों की लाइन को देखकर कुंडलपुर महोत्सव की याद ताजा हो गई। प्रथम अभिषेक, शांतिधारा ,रिद्धि कलश करने का सौभाग्य क्रमशः हर्ष जैन दिनेश जैन झांसी, जिनेंद्र राहुल पी एस परिवार बेगमगंज ,दिनेश कुमार पियूष प्रियंका सुधा जैन परिवार भोपाल, मुकेश विपुल कल्पना अकलतरा ,मुकेश रीना जैन बिलासपुर ,सुमेरचंद अभिषेक जैन बंडा, नितिन जैन अंबाला, सुमित लोहाडिया मकरान, अभिषेक हर्ष ग्वालियर, नितेश धर्मचंद जैन तेंदूखेड़ा, जिनेंद्र कुमार झांसी ,पारस मुदित जैन अंबाला , जिनेंद्र पियूष सागर, अमित अशोक जैन भोपाल, दीपक नवीन रवि जैन पाटन, सौरभ जैन पुणे, इंजीनियर आरके जैन प्रिंस युवराज जैन दमोह, कमल अनिल जैन सागर को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति रही जिन्होंने पूज्य बड़े बाबा के दर्शन किये।



# जयपुर किराना एवं ड्राई फ्रूट्स कमेटी के दो वार्षिक चुनाव संपन्न

## प्रहलाद राय अग्रवाल तीसरी बार अध्यक्ष व घनश्याम धामानी महामंत्री बने

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर किराना एवं ड्राई फ्रूट्स कमेटी के दो वार्षिक चुनाव रविवार चांदपोल बाजार स्थित माहेश्वरी सेवा सदन में चुनाव अधिकारी राजस्थान हाई कोर्ट एवं बार एसोसिएशन के सचिव बलराम वषिष्ठ ने सम्पन्न करवाएं। इस चुनाव में तीसरी बार अध्यक्ष पद पर प्रहलाद राय अग्रवाल अध्यक्ष चुने गए,जबकि महामंत्री घनश्याम धामानी चुने गए। चुनाव अधिकारी वषिष्ठ ने बताया कि इस चुनाव में तीसरी बार अध्यक्ष पद से जीतकर आए प्रहलाद राय अग्रवाल को 470 मतों में 284 और पुरुषोत्तम काबरा को 155 मत मिले और प्रहलाद राय 129 मतों से जीतकर अध्यक्ष चुने गए। इधर महामंत्री पद के लिए घनश्याम धामानी 291 मत और पवन अग्रवाल को 162 मत मिले। इस तरह घनश्याम धामानी 129 मतों से विजयी घोषित किए गए।

## रामलीला मैदान में राजस्थान जैन सभा द्वारा आयोजित क्षमा वाणी के पर्व में गोला मिश्री की स्टॉल लगाई




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भारतीय जैन मिलन और श्री भारतवर्षिय दिगंबर जैन युवा महासभा जिला जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 1अक्टूबर को प्रात रामलीला मैदान में राजस्थान जैन सभा द्वारा आयोजित क्षमा वाणी के पर्व में गोला मिश्री की स्टॉल लगाई गई। अध्यक्ष अनिल जैन और सचिव तरुण जैन ने बताया की जैन धर्म के अनूठे पर्व क्षमा वाणी पर्व पर आए हुए सभी अतिथियों से क्षमा मांग कर उन्हें गोला और मिश्री खिलाई गई। स्टॉल में समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना शर्मा, पार्षद पारस, शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका, सुनील बक्शी, महेश काला, सुभाष चंद जैन, देवेंद्र अजमेरा, मनीष वेद, विनोद जैन कोटखावदा, भानु छाबड़ा, यश कमल अजमेरा, पीयूष सोनी, मीना चौधरी, सुनीता जैन, अनिता जैन, राजकुमार पाटनी, सन्मति जैन, प्रवीण जैन और जैन समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## दशलक्षण महापर्व के समापन के बाद दोज को हुए पंचामृत अभिषेक




**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे के चंद्रपुरी जिनालय में दशलक्षण महापर्व के समापन बाद हर वर्ष की भांति दोज को श्री जी के पंचामृत अभिषेक होते हैं इसी कड़ी में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि आज प्रातः अभिषेक,शांतिधारा, अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना के बाद सायंकाल चंद्रपुरी दिगम्बर जैन मंदिर में दूध,दही, घृत,बूरा,सर्वोषधि तथा विभिन्न फलों के रसों से श्री जी के पंचामृत अभिषेक हुए,बाद में श्री जी की माल की बोली लगाई गई उसके बाद महाआरती हुई उक्त समय समाज सेवी सोहनलाल झंडा, कैलाश कलवाड़ा, प्रेमचंद भंवसा,अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, चम्पालाल जैन ,फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा,सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा , भागचंद कासलीवाल, विनोद कलवाडा,मंदिर समिति के संरक्षक सुरेश गंगवाल, मंदिर समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार झंडा, महावीर प्रसाद प्रधान,अशोक नला, महेंद्र बावड़ी, माणक कासलीवाल,अनिल कठमाना,बाबूलाल पहाड़िया, सुनील गंगवाल, कमलेश चौधरी, त्रिलोक पीपलू, पवन गंगवाल,मितेश लदाना,विकास पहाड़िया, सुनील बजाज, सोनू गंगवाल, राजाबाबू गोधा, तथा महिला मंडल की संतरा बजाज, गीता नला,मुन्ना देवी अजमेरा,मैना देवी झंडा, मैना देवी नला, रेखा गंगवाल, शोभा पहाड़िया, रेखा झंडा तथा वैशाली पहाड़िया सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।

## दुर्गापुरा में सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम में विद्यासागर पाठशाला के बच्चों का सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रांतीय धर्म जागृति संस्थान, जयपुर, राजस्थान की ओर से आयोजित श्रमण अमृत महोत्सव 2023 में 15 अगस्त को जयपुर की पाठशालाओं का कार्यक्रम मीरामार्ग दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान परम पूज्य मुनि श्री 108 सवानंद जी ससंघ के सानिध्य में हुआ।



विद्यासागर पाठशाला दुर्गापुरा ने देशभक्ति भारत माता को स्वतंत्र कराने की बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति देने पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संयोजक श्रीमती चंदा सेठी, रिंकू सेठी व राजेन्द्र कुमार जैन काला उपस्थित थे। प्रस्तुति की प्रशिक्षक श्रीमती इति श्री काला व श्रीमती छवि पांड्या थी। देशभक्ति प्रस्तुति देकर पाठशाला परिवार ने दुर्गापुरा का नाम प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरान्वित किया, ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चन्द जैन चांदवाड़, मंत्री राजेन्द्र कुमार जैन काला एवं समस्त कार्य कारिणी ने आयोजन में सहयोगियों को एवं प्रस्तुति देने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सम्मान किया। दुर्गापुरा मंदिर के कार्याध्यक्ष सत्येंद्र पांड्या ने बताया कि क्षमावाणी पर कालशाभिषेक के पश्चात श्री जी की माल पहनने का सौभाग्य श्री जी नगर निवासी अशोक सेठी निखिल सेठी परिवार को प्राप्त हुआ ।

## सबसे क्षमा-सबको क्षमा, क्षमापना महोत्सव सामूहिक क्षमावाणी



**राजेश जैन दद्दू.शाबाश इंडिया**

इंदौर । दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद इंदौर एवं सेठ माणकचंद मनीराम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आज शाम कांच मंदिर इतवारिया बाजार, इंदौर स्थित कांच मंदिर के पांडाल में शहर में चातुर्मासरत राष्ट्र संत आचार्य श्री विहर्ष सागर जी महाराज, मुनि विजयेश सागर जी, मुनी श्री पूज्य सागर जी, के संसघ सानिध्य में दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी एवं फेडरेशन के मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि आज के कार्यक्रम में शहर भर के हजारों की संख्या में समाज जन मौजूद थे। इस अवसर पर आचार्य श्री विहर्ष सागर जी महाराज ने कहां कि दश लक्षण पर्व उत्तम क्षमा से ही प्रारंभ होते हैं और आज के दिन भी हम उत्तम क्षमा धर्म ही मना रहे हैं। आपने कहा की प्रसिद्ध होकर किसी को कुछ नहीं मिला और सिद्ध होकर जीवन तर गया। यदि लड़ना ही है, तो लड़ो बच्चों की तरह,एक घंटे में लड़ो दूसरे घंटे में एक हो जाओ। गले लगा लो, गले लगाने से गिले शिकवे दूर हो जाते हैं। क्षमा मांगने से अंदर मन की गांठें ढीली पड़ जाती है। आप सभी एक दूसरे से कहो सबको क्षमा सबसे क्षमा, उत्तम क्षमा, उत्तम क्षमा, उत्तम क्षमा।

# एक दूसरे से क्षमायाचना कर क्षमावाणी पर्व मनाया

**अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया।**

जयपुर। शहर सहित क्षेत्र में जैन समाज द्वारा शनिवार क्षमावाणी पर्व एक दूसरे से क्षमा मांगकर मनाया गया।श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में श्री जी की के पंचामृत कलशाअभिषेक के पश्चात सायंकाल षोडशकारण एवं प्रतिपदा क्षमावाणी कलशों के बाद दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों का क्षमा पर्व पड़वा ढोक सामूहिक रूप से मनाया गया। पारस जैन ने बताया कि शनिवार को कलशाअभिषेक एवं आरती के बाद रात्रि में मंदिरों के बाहर एवं एक दुसरे के निवास पर जाकर पड़वा ढोक क्षमा वाणी पर्व मनाया गया बड़ों के चरण छूकर ,बराबर वाले आपस में गले मिलकर एक दुसरे से गत वर्ष की भूलों व की गई गलतियों के लिए आपस में खोपरा मिश्री खिलाकर क्षमा याचना की गई वहीं राजस्थान जैन युवा महासभा प्रतापनगर जोन अध्यक्ष पारस जैन के निवास पर युवाओं ने एक दुसरे को खोपरा मिश्री खिलाकर क्षमा याचना की पारस जैन ने अपने निवास स्थान पर युवा साथियों को खोपरा मिश्री खिलाकर व गले मिलकर क्षमा याचना की।इस अवसर पर राजस्थान जैन युवा महासभा प्रतापनगर जोन अध्यक्ष पारस जैन बिची ,महामंत्री त्रिलोक चंद जैन, राजस्थान जैन युवा महासभा ग्रामीण जोन महामंत्री अमन जैन कोटखावदा,कोषाध्यक्ष अनमोल सेठी , राहुल जैन, अमित जैन, निर्मल जैन, दिनेश मेहंदवास, प्रियंका जैन, ज्योती जैन, नेहा जैन, पलक जैन आदि उपस्थित रहे।












# आगरा की पावन धरा पर मनाया मुनिपुगंव का ऐतिहासिक 41वां मुनि दीक्षा दिवस समारोह




**आगरा. शाबाश इंडिया**

01 अक्टूबर को श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर हरिपर्वत आगरा में प्रांगण में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री सुधासागर जी महाराज का 41वां दीक्षा समारोह श्रद्धा के साथ मनाया गया। मुनिश्री के दीक्षा दिवस पर देश के विभिन्न प्रांतों से आए हजारों भक्तों ने भाग लिया। इस मौके पर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। रविवार का दिन जैन धर्मावलंबियों के लिए बेहद खास रहा, आज के ही दिन मुनि सुधासागर जी महाराज ने तीस वर्ष पूर्व आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से मुनि दीक्षा प्राप्त की थी। प्रांगण में आयोजित दीक्षा समारोह में मध्य प्रदेश,दिल्ली राजस्थान,महाराष्ट्र व गुजरात आदि प्रांतों से आए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। सुबह जैसे ही मुनिश्री के संघ का मंच पर आगमन हुआ समूचा परिसर उनके जयकारों से गुंजायमान हो उठा।आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के चित्र के सम्मुख चित्र अनावरण उत्तम चंद पाटनी,हुकुम चंद काका जी ने और आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी का महेंद्र कटारिया, प्रदीप जैन, पी.एन. सी,नीरज जैन जिनवाणी, प्रमोद कटारिया ने किया' दीप प्रज्जवलन उत्तमचंद जी पंडाया जी किया' आगरा की बालिका मण्डल ने मंगलाचरण का शुभारम्भ किया गया ' किशनगढ़ से आए श्री अशोक पाटनी,आरके मार्बल परिवार ने मुनिश्री का प्राद प्रक्षालन किया। सुशील जी मोदी जी परिवार ने शास्त्र भेंट किए। आरती सौभाग्य श्री नन्द किशोर जी, प्रमोद जी जी ने किया' पंकज जैन भीलवाड़ा राजस्थान ने भजन पर श्रद्धालुओं के नृत्य ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद मंगलाचरण का किया गया, टीकमगढ़ की बालिकाओं ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। सभी बालिका मण्डल की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन ने किया ' देश भर के श्रद्धालुजनों को मुनिश्री की भक्ति में लीन देख उनके पिता एवं भाई भावविभोर हो गए। श्री धर्म प्रभावना समिति ने मुनिश्री के पिता एवं भाई को सम्मानित कियो आयोजन को सफल बनाने में मुख्य संयोजक विनोद छाबड़ा, बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया सुयश, ब्रह्मचारी विनोद भैया, ब्रह्मचारी मुकेश भैया जी, श्री धर्म प्रभावना समिति एवं श्री दिगम्बर जैन शिक्षा समिति एवं आगरा दिगम्बर जैन परिषद संस्थाओं का विशेष योगदान रहो दीक्षा दिवस नहीं गुरुकृपा दिवसः मुनिश्री दीक्षा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने कहा दीक्षा दिवस को कुछ लोग संयम दिवस कहते हैं तो कुछ अहिंसा दिवस, लेकिन मेरे लिए तो यह गुरूकृपा दिवस है। गुरू की दृष्टि उस शिल्पी की तरह होती है, जो पाषाण में योग्यता देखकर उसे ऊंचाइयों को छूने वाला बना देता है। ऐसे ही गुरु दीक्षा देकर भक्तों को मोक्ष के मार्ग पर ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि दिगंबर दीक्षा पाते ही परम करुणा व दया प्रकट हो जाती है। नीति आयोग की अर्चना जैन रही दस दिन में बदल दिया मुनिश्री ने जीवन आगरा में चातुर्मास के दौरान पर्यूषण महापर्व पर मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में दस दिवसीय श्रावक संस्कार शिविर में शामिल हुए श्रावकों ने भक्तिभाव के साथ अपने अनुभव व्यक्त किए। धर्मसभा में श्री अशोक पाटनी जी,आर. के.मार्बल, प्रदीप जैन पीएनसी,निर्मल मोठ्या, मनोज जैन बाकलीवाल,नीरज जैन जिनवाणी, विनोद छाबड़ा,योगेंद्र खेकड़ा,अजय कटारिया, प्रमोद पहाड़िया, पन्नालाल बैनाड़ा,हीरालाल बैनाड़ा, हुकुम काका, विनोद गंगवाल, सुनील जैन ठेकेदार,जगदीश प्रसाद जैन,राजेश सेठी,अमित जैन बॉबी, पुष्पदंत जैन,राजेश जैन गया वाले, अनिल जैन, विजय कुमार धुर्रा,राकेश जैन पर्दे वाले वाले,राजेश जैन,शैलेंद्र जैन,संजय गदिया,सूरत गुजरात, समकित जैन,अंकेश जैन,मीडिया प्रभारी शुभम जैन,राहुल जैन,राजेश जैन, सकल समाज मौजूद था ' जय कुमार से मुनि सुधासागर बनने का सफर वर्ष 1958 जनपद सागर अंतर्गत इशुरवारा निवासी श्रीचंद के पौत्र व ऋषभ जैन के पुत्र के रूप में जय कुमार का जन्म। वर्ष 1980 आचार्य श्री विद्यासागर जी से क्षुल्लक दीक्षा लेकर परम सागर बने। वर्ष 1983 आचार्य श्री से जैनेश्वरी दीक्षा लेकर बने मुनि सुधासागर महाराज। सम्मानित हुए गृहस्थ जीवन के पिता एवं भाई मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के 41वें दीक्षा समारोह में उनके गृहस्थ जीवन के पिता ऋषभ जैन एवं भाई रूपचंद जैन ने भी प्रतिभाग किया।

**रिपोर्ट**
**मीडिया प्रभारी शुभम जैन**










# आज सोमवार 2 अक्टूबर को 48 दीपों से भक्तामर अनुष्ठान संघी जी मंदिर सांगानेर में होगा

## रविवार 1अक्टूबर को खोपरा मिश्री की स्टॉल लगाई, रामलीला मैदान में हुआ भव्य आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान जैन सभा द्वारा रामलीला मैदान में प्रातः 7.30 बजे से आयोजित क्षमावाणी समारोह में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के तत्वावधान में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा खोपरा मिश्री वितरण की स्टॉल आदिनाथ मित्र मंडल के सहयोग से लगाई गई। कार्यक्रम के सयोजक कमल-मंजू ठोलिया तथा सुनील-रेणु बाकलीवाल थे। समारोह में समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

### भक्तामर पाठ आज 2अक्टूबर को संघी जी मंदिर सांगानेर में

ग्रुप अध्यक्ष राकेश गोदिका ने बताया कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के तत्वावधान में सन्मति ग्रुप द्वारा आदिनाथ मित्र मंडल के सहयोग से श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर संघी जी सांगानेर में 48 दीपो से भक्तामर अनुष्ठान का आयोजन व क्षमावाणी समारोह का आयोजन सोमवार, 2 अक्टूबर को प्रसिद्ध भजन गायक अशोक गंगवाल की मधुर आवाज में सायकाल 7.30 बजे से किया जायेगा। समारोह के प्रथम दीप प्रज्वलन कर्ता पदम चंद कमला, टीकम मीनाक्षी, पंकज नीलम जैन, आदि, काव्या, अनीशा, निक जैन सेठी परिवार सुल्तानिया वाले होंगे।



# राज्य सरकार के फैसलों से हर क्षेत्र में आगे बढ़ा राजस्थान ऐतिहासिक कार्यों की पूरे देश में हो रही चर्चा : गहलोत




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के फैसलों से राजस्थान पर्यटन सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। राज्य में हुए ऐतिहासिक कार्यों की पूरे देश में चर्चा हो रही है और अन्य राज्य इनका अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रति व्यक्ति आय के साथ ही हैप्पीनेस इंडेक्स में वृद्धि हो और प्रदेश प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बने, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा मिशन-2030 के तहत विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। इसके माध्यम से वर्ष 2030 तक राजस्थान को देश का सिरमौर राज्य बनाना हमारा संकल्प है। प्रदेश के लोगों में विकास के लिए जज्बा नजर आ रहा है और अब तक करीब 2.50 करोड़ लोग इसके लिए अपने सुझाव दे चुके हैं। आगामी 5 अक्टूबर को इस विजन डॉक्यूमेंट को जारी किया जाएगा। गहलोत रविवार को जवाहर कला केन्द्र में आयोजित पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के साथ संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राजस्थान धरोहर संग्रहालय के प्रथम चरण के लोकार्पण सहित पर्यटन तथा कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग के लगभग 110 करोड़ रुपये के 25 कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। इससे बड़े स्तर पर रोजगार सृजित होता है तथा इससे प्राप्त होने वाली आय से राज्य के विकास को गति मिलती है।

